उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

हरिद्वार–249404

पत्रांक संख्या :: 40 / 09 / डी0आर0 / सेवा–2 / 2017–18(टी.सी.) दिनांक :: 30 मई, 2022

<u>विज्ञप्ति</u>

भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई उद्योग निदेशालय, देहरादून के अन्तर्गत समूह 'ख' एवं 'ग' परीक्षा–2021

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0 **A-1/S-3/2021** दिनांक **02 सितम्बर, 2021** के अन्तर्गत विज्ञापित **सहायक भूवैज्ञानिक एवं खान अधिकारी (समूह 'ख')** के रिक्त **08 पदों** हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह घोषित अभ्यर्थियों की स्क्रीनिंग परीक्षा का आयोजन दिनांक **05 जुलाई, 2022 (मंगलवार)** एवं **विज्ञापन सं A-3/S-3/2021** दिनांक **11 सितम्बर, 2021** के सापेक्ष **खान निरीक्षक, सर्वेक्षक, पुस्तकालयाध्यक्ष, मानचित्रकार, प्राविधिक सहायक रसायन एवं प्राविधिक सहायक भूविज्ञान (समूह 'ग') के रिक्त 26 पदों हेतु** स्क्रीनिंग परीक्षा का आयोजन दिनांक **06 जुलाई, 2022 (बुधवार)** को **उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार** स्थित **परीक्षा भवन** में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है।

अभ्यर्थी द्वारा स्क्रीनिंग परीक्षा में प्राप्त अंकों को साक्षात्कार परीक्षा में नहीं जोड़ा जायेगा। उपरोक्त दोनों परीक्षाओं हेतु अभ्यर्थी अपने प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** से दिनांक **20 जून, 2022** से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को पृथक से डाक द्वारा अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रवेश–पत्र प्रेषित नहीं किये जाएंगें।

Sd/-
(कर्मेन्द्र सिंह)
सचिव।